"दैनिक जागरण" 19 सितंबर 2026

## नर्मदा कॉलेज में मनाया हिंदी दिवस

# 'हिंदी हमारे संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का आधार'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नर्मदापुरम.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में गुरुवार को हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस मनाया गया। व्याख्यान माला, कविताएं, परिचर्चा, भाषण आदि हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना और राजभाषा के रूप में इसके महत्व को रेखांकित करना रहा। प्राचार्य डॉ. आर के चौकसे ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी समृद्ध विरासत तथा संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी ना सिर्फ बोलचाल की भाषा है, अपितु ये हमारे संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का आधार है। हिंदी ने हमें नई पहचान दी है। मुख्य वक्ता डॉ केजी मिश्र ने कहा हमें अपनी भाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना होनी चाहिए। आज का दिन अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के बीच हिंदी के अस्तित्व, सम्मान और उसके निरंतर विकास की आवश्यकता को याद दिलाता है। इस दौरान प्रिया साहू, मनीष, राधिका पटेल ने कविता का गायन किया। संकाय सदस्यों ने प्रेरक भाषण दिए।

"पत्रिका" 19 सितंबर 2026 दिन शुक्रवार

# 'हिंदी ना सिर्फ बोलचाल की भाषा है, अपितु ये हमारे संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का आधार है'

## नर्मदा महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर हुआ कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिता

नवदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरमः प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में गुरुवार को हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस मनाया गया। जिसमें व्याख्यान माला, कविताएं, परिचर्चा ,भाषण आदि प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का उद्देश्य देश में हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना और राजभाषा के रूप में इसके महत्व को रेखांकित करना रहा।

स्वागत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी समृद्ध विरासत तथा संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी ना सिर्फ बोलचाल की भाषा है, अपितु ये हमारे संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का आधार है ।हिंदी ने हमें न ई पहचान दी है। आज वैश्विक स्तर पर भी इसका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है मुख्य वक्ता डा. केजी मिश्र ने कहा कि



आयोजन के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। • नवदुनिया

14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था।

उन्होंने बताया कि हिंदी दुनिया में तीसरे नंबर की भाषा है हमें अपनी भाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना होनी चाहिए । आज का दिन अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के बीच हिंदी के अस्तित्व, सम्मान और उसके निरंतर विकास की आवश्यकता को याद दिलाता है। विद्यार्थियों ने स्वरचित और कविता पाठ में बढ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रिया साहू, मनीष, राधिका पटेल ने कविता का गायन किया। संकाय सदस्यों ने प्रेरक भाषण दिए। सभागार में एनसीसी कैडेट्स बालक और बालिका ईकाई उपस्थित रहे। डा. सुभाष जाटव ने अपनी ग़ज़लें और कविता सुनाई। डा. मनीष कटारे का सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन डा. संतोष अहिरवार, प्रतिवेदन डा. अंजना यादव का आभार डा. धर्मेंद्र कोरी ने जताया।

"नवदुनिया" 18 सितंबर 2026 दिन शुक्रवार

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 18-09-2026

# नर्मदा कॉलेज में हिंदी दिवस पर व्याख्यान आयोजित



नर्मदापुरम | प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने हिंदी दिवस पर व्याख्यान माला, परिचर्चा, कविता पाठ और भाषण का आयोजन किया। प्राचार्य आरके चौकसे ने कहा हिंदी संवाद के साथ संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का आधार है। मुख्य वक्ता केजी मिश्र ने बताया 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। उन्होंने हिंदी को विश्व में तीसरे स्थान पर उपयोग की जाने वाली भाषा बताया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने काव्य पाठ किया। छात्रा प्रिया साहू, मनीष और राधिका पटेल ने कविताएं प्रस्तुत कीं, वहीं डॉ. सुभाष जाटव ने गजलें सुनाईं। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स भी मौजूद रहे। संचालन डॉ. संतोष अहिरवार ने किया, प्रतिवेदन डॉ. अंजना यादव और आभार डॉ. धर्मेंद्र कोरी ने माना।